web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 25 नवम्बर 2019 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए | वर्ष-02, अंक- 58

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कैलाश जोशी का निधन

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता कैलाश जोशी का आज यहाँ एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जोशी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार भोपाल के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा था, जहाँ सुबह लगभग 11.25 बजे उनका निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। जोशी के निधन से प्रदेश भाजपा में शोक की लहर है। उनके निधन पर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ट्वीट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। देवास जिले के हाटपिपल्या तहसील में जन्में जोशी जनसंघ के गठन के साथ उससे जुड़ गए थे। वह बागली विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक निर्वाचित हुए। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहे और वर्ष 1980 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री भी बनाए गए थे। वह राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

### 2022 में राजग से राष्ट्रपति उम्मीदवार होंगे शरद पवार!

**» संघ विचारक की भविष्यवाणी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संघ परिवार पर 43 किताबें लिख चुके नागपुर के संघ विचारक दिलीप देवधर ने महाराष्ट्र के पूरे राजनीतिक घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए दावा किया है कि महाराष्ट्र में शनिवार को भाजपा की सरकार गठन में शरद पवार की भी मौन सहमति है। यह भी कहा कि भाजपा उन्हें 2022 में एनडीए की तरफ से राष्ट्रपति का दावेदार बनाकर इनाम भी दे सकती है। दिलीप देवधर ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के जल्द मोदी कैबिनेट का हिस्सा बनने की भी भविष्यवाणी की है। दिलीप देवधर कहते हैं एनसीपी के एक धड़े के साथ सरकार बनाने से संघ भी खुश है। शिवसेना के अड़ियल रवैये से संघ पदाधिकारी भी नाराज हैं। भाजपा में किसी बाहरी के आने से पार्टी के नेताओं को भले ही दिक्कत होती हो, मगर संघ अपने परिवार में बाहरियों के आने का हमेशा स्वागत करता है। वजह कि संघ को इसमें विस्तार दिखता है। दिलीप देवधर कहते हैं कि चुनाव नतीजे आने के बाद आप शरद पवार के किसी बयान में भाजपा को लेकर जरा भी आक्रामकता नहीं पाएंगे। वह सियासत के बहुत चतुर खिलाड़ी हैं।

### देश की 2.2 प्रतिशत जनसंख्या दिव्यांगता से पीड़ित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई से दिसंबर 2018 के बीच देश की कुल जनसंख्या में 2.2 प्रतिशत दिव्यांगजन थे। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के विभाग एनएसओ ने जुलाई 2018 से दिसंबर 2018 के बीच दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण कराया था जो कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 76वें सर्वेक्षण का एक भाग था। रिपोर्ट में बताया गया कि पुरुषों में दिव्यांगता का प्रतिशत 2.4 था जबकि महिलाओं में यह 1.9 प्रतिशत थी। वर्तमान सर्वेक्षण भारत के 1.18 लाख घरों में किया गया। सर्वेक्षण में कहा गया कि सात वर्ष और उससे अधिक आयु के दिव्यांगजनों में से 52.2 प्रतिशत साक्षर थे। करीब 28.8 प्रतिशत दिव्यांगजनों ने कहा कि उनके पास दिव्यांगता का प्रमाण पत्र है।

# अयोध्या पर फैसला देशहित से बढ़कर कुछ नहीं, न्यायपालिका के लिए मील का पत्थर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 59वीं बार मन की बात में अयोध्या फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद अब देश, नई उम्मीदों, आकांक्षाओं के साथ नए रास्ते पर, नए इरादे लेकर चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के मामले में आया फैसला देशहित से बढ़कर कुछ नहीं है, जो न्यायपालिका के लिए भी मील का पत्थर साबित हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों का संबोधित करते हुए अयोध्या फैसले का देशभर में हर तबके और वर्ग द्वारा स्वागत होना देशहित की भावनाओं को प्रदर्शित करता है और नया भारत की संकल्पना इसी भावना को अपनाकर शांति, एकता और सद्भावना के साथ आगे बढ़े, यही कामना है। हम सबकी कामना है। देश हित में शांति, एकता और सदभावना के मूल्य सर्वोपरि हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले को सभी देशवासियों द्वारा सम्मान और सहज, संयम और शांति से स्वीकार करना परिपक्वता का परिचय है।

### एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं

इससे पहले पीएम मोदी ने देश भक्ति और सेवा के रंग में रंगे युवाओं में जोश भरते हुए नौजवान पीढ़ी को एनसीसी दिवस की शुभकामनाओं से अपनी मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि वह भी एक कैडेट रहे हें और मन से आज भी अपने आपको कैडेट मानते हैं। एनसीसी यानी नेशनल कैडेट कॉर्प्स। दुनिया के सबसे बड़े वर्दी वाले युवा संगठन में एनसीसी एक है। यह

**» मन की बात में बोले पीएम नरेन्द्र मोदी**



एक त्रि-सेवा संगठन है जिसमें सेना, नौ-सेना, वायुसेना तीनों ही शामिल हैं। दुनिया की बड़ी एकरूप युवा संगठनों में से एक भारत की एनसीसी है जिसमें सेना के तीनों अंग- सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल हैं। एनसीसी का मतलब है अपने व्यवहार और अपनी आदतों में कुशल नेतृत्व, देशभक्ति, निःस्वार्थ सेवाभाव, अनुशासन कड़ी मेहनत को शामिल करना है। इस मौके पर उन्होंने श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश् कैंप के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र और विभिन्न राज्यों से दिल्ली आए एनसीसी के नौजवानों ने प्रधानमंत्री मोदी से अपने बेहतरीन अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में सात दिसंबर को आर्म्ड फोर्सिज फ्लैग डे के अवसर पर देशवासियों को वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण भाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके सम्मान और सहभागिता के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### फिट इंडिया सप्ताह का जिक्र

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही ताकत मिलती है और आत्म विश्वास बढ़ता है जिससे व्यक्तित्व में निखार आता है। सीबीएसई की पहल से दिसंबर माह में स्कूलों में फिट इंडिया सप्ताह मनाना एक सराहनीय कदम है। पीएम ने कहा कि फिट इंडिया सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए क्विज, निबंध, लेख, चित्रकारी, पारंपरिक और स्थानीय खेल, योगासन, डांस एवं खेलकूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकती हैं। फिट इंडिया का मतलब दिमागी कसरत के साथ कड़ा शारीरिक श्रम, खानपान की आदत और जीवन शैली में बदलाव लाना है। पधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए सभी स्कूलों से दिसंबर माह में फिट इंडिया सप्ताह मनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे हम सबमें फिटनेस की आदत दिनचर्या में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को फिट इंडिया रैकिंग में शामिल होना चाहिए जिससे कि फिट इंडिया सहज और स्वभाविक रूप से एक जनांदोलन बने और जागरूकता आए। प्रकृति, पर्यावरण, पानी ये सारी चीजें हमारे पर्यटन का भी हिस्सा बनें, जीवन का भी हिस्सा बनें। वहीं परीक्षा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई माध्यमों से हमारी कोशिश है कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी और अभिभावक तनावमुक्त और शिक्षक आश्वस्त रहें। मोदी ने मध्यप्रदेश की श्वेता का परीक्षा पर चर्चा को शीघ्र आयोजित करने के सुझाव की सराहना की।

### नदी उत्सव में स्वच्छता का संदेश

नदी उत्सव की जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर साल देश के अलग-अलग कोने पर 12 नदियों पर आयोजित होने वाले उत्सवों के नाम पुष्करम, पुष्करालू, पुष्करः है। असम में आयोजित नदी उत्सव में आए अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत-सत्कार, स्वच्छता का ख्याल और बायो टॉयलेट आदि की व्यवस्था सराहनीय था।

## वैष्णो देवी के लिए आईआरसीटीसी का खास पैकेज




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** माता वैष्णो देवी की यात्रा की इच्छा रखने वालों के लिए आईआरसीटीसी एक खास टूर पैकेज लेकर आया है। नई दिल्ली से वैष्णो देवी के लिए इस पैकेज को मातारानी टूर पैकेज नाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार इस पैकेज में थर्ड एसी की यात्रा, भोजन-नाश्ता और होटल में रुकने की सुविधा भी मिलेगी।

पहले दिन यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से राजधानी एक्सप्रेस (12425) से रात 8.40 बजे प्रस्थान करेंगे। दूसरे दिन सुबह 5.45 बजे ट्रेन जम्मू रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद यात्रियों के ग्रुप बनाकर उन्हें कटरा तक ले जाया जाएगा। सरस्वती धाम में यात्रा पर्ची लेने के बाद यात्री होटल में चेक-इन करेंगे। नाश्ते के बाद उन्हें बाणगंगा तक ले जाया जाएगा। इसके बाद तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। रात में खाना और रुकने की सुविधा भी यात्रियों को पैकेज के तहत ही उपलब्ध कराई जाएगी। अगले दिन सुबह के नाश्ते के बाद दोपहर 12 बजे चेक-आउट करना होगा। दो बजे यात्रियों को वापस जम्मू रेलवे स्टेशन के लिए भेजा जाएगा। रास्ते में कुछ मंदिरों को देखने के बाद यात्रियों को घूमने के लिए शाम 6.30 बजे जम्मू रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया जाएगा। यहां 7.40 बजे दिल्ली के लिए जम्मू राजधानी एक्सप्रेस (12426) से निकलेंगे, जो सुबह पांच बजे दिल्ली पहुंचाएगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के मुताबिक एक व्यक्ति के लिए इस पैकेज की कीमत 7,785 रुपए है, वहीं दो व्यक्तियों के लिए 6,170 रुपये प्रति व्यक्ति और तीन व्यक्तियों के लिए इसका शुल्क 5980 रुपये प्रति व्यक्ति रहेगा।

## सुप्रीम कोर्ट में आज तक टली सुनवाई, राज्यपाल से तलब किये सभी दस्तावेज

**» केंद्र, महाराष्ट्र सरकार, देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार को नोटिस जारी**

**» महाराष्ट्र की सियासत**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा के देवेंद्र फड्णवीस को शपथ ग्रहण कराने के महाराष्ट्र के राज्यपाल के फैसले को रद्द करने संबंधी शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें याचिका में तत्काल बहुमत साबित करने पर गौर किये बिना सुनवाई को कल सोमवार तक टाल दिया। इससे फड्णवीस को मोहलत मिल गई है। हालांकि कोर्ट ने कांग्रेस-राकांपा-शिवसेना की याचिका पर केंद्र, महाराष्ट्र सरकार, देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार को नोटिस जारी किया है।



सुप्रीम कोर्ट में रविवार को छुट्टी के दिन विशेष सुनवाई में न्यायमूर्ति एन वी रमन, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने देवेंद्र फड्णवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के महाराष्ट्र के राज्यपाल के निर्णय को चुनौती देने वाली शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस की याचिका पर रविवार को केंद्र और महाराष्ट्र सरकार के आलवा मुख्यमंत्री फड्णवीस और उप मुख्यमंत्री अजित पवार को भी नोटिस जारी किया है और सुनवाई को कल सोमवार को फिर से करने का फैसला लिया। इस दौरान पीठ ने राज्यपाल से सभी दस्तावेज सोमवार सुबह 10.30 बजे तक पेश करने के निर्देश दिये। इसके लिए उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पत्र पेश करने के लिए दो दिन का समय मांगने के तुषार मेहता के अनुरोध को अनसुना कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन निरस्त कर फड्णवीस की सरकार बनाने की सिफारिश करने वाले राज्यपाल के पत्रों को सोमवार सुबह अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी कुछ भाजपा और निर्दलीय विधायकों की ओर से न्यायालय में पेश होकर कहा कि यह याचिका बंबई उच्च न्यायालय में दायर होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इसमें दोराय नहीं है कि शक्ति परीक्षण बहुमत साबित करने का सबसे अच्छा तरीका है।

## प्लास्टिक मुक्त भारत में करें योगदान:मोदी

**» मन की बात में पीएम ने की अपील**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह मन की बात में कहा है कि देश के युवा, वो गर्म जोशी, वो देशभक्ति, वो सेवा के रंग में रंगे नौजवान, आप जानते हैं ना, नवम्बर महीने का चौथा रविवार हर साल एनसीसी डे के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आमतौर पर हमारी युवा पीढ़ी को फ्रेंडशिप डे बराबर याद रहता है। लेकिन बहुत लोग हैं जिनको एनसीसी डे भी उतना ही याद रहता है। मैं एनसीसी के सभी पूर्व और मौजूदा कॅडेट को एनसीसी डे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम भी सिर्फ अपने आस-पास के इलाक़े को प्लास्टिक के कचरे से मुक्त करने का संकल्प कर लें तो फिर 'प्लास्टिक मुक्त भारत' पूरी दुनिया के लिए एक नई मिसाल पेश कर सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा भी सौभाग्य रहा कि मैं भी बचपन में मेरे गांव के स्कूल में एनसीसी कॅडेट रहा, तो मुझे ये डिस्इप्लिन, ये यूनीफ़ॉर्म् मालूम है और उसके कारण कान्फीडेंस लेवॅल भी बढ़ता है। ये सारी चीज़ें बचपन में मुझे एक एनसीसी कॅडेट के रूप में अनुभव करने का मौका मिला था। 7 दिसम्बर को आर्मेड फोर्स फ्लाग डे मनाया जाता है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये वो दिन है जब हम अपने वीर सैनिकों को, उनके पराक्रम को, उनके बलिदान को याद तो करते ही हैं लेकिन योगदान भी करते हैं। आइये, इस अवसर पर हम अपनी आर्मेड फोर्स के अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण भाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें और वीर सैनिको का स्मरण करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में फिट इंडिया मुवमेंट से तो आप परिचित होंगे ही। सीबीएसई ने एक सराहनीय पहल की है, फिट इंडिया सप्ताह की। फिट इंडिया सप्ताह में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके शिक्षक और माता-पिता भी भाग ले सकते हैं।

### लोकसभा में ई-सिगरेट विधेयक पर आज होगी चर्चा

**» एसपीजी संशोधन विधेयक भी इसी सप्ताह**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार लोकसभा में इसी सप्ताह 'विशेष सुरक्षा समूह अधिनियम' में संशोधन विधेयक पेश करेगी, जबकि सोमवार को ई-सिगरेट विधेयक पर चर्चा के अलावा कई उन महत्वपूर्ण विधेयकों को भी पेश किया जाएगा, जिनकी मंजूरी केंद्रीय कैबिनेट ने पिछले सप्ताह दी है। संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह की बैठक कल सोमवार से शुरू होगी, जिसमें इस सप्ताह के दौरान संसद में पेश किये जाने वाले विधेयकों को पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार को एसपीजी की सुरक्षा के दायरे से बाहर रखने के प्रस्ताव वाले विधेयक भी शामिल है, जिसके केंद्रीय कैबिनेट पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

## निचली अदालतों में एक दशक से अधिक पुराने 23.90 लाख मामले लंबित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की निचली एवं जिला अदालतों में 3.14 करोड़ मामले लंबित हैं जिसमें से करीब 14 प्रतिशत मामले 10 साल या इससे अधिक पुराने हैं। इसमें से 10 साल से अधिक पुराने सर्वाधिक मामले क्रमशरू उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, गुजरात में लंबित हैं। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से पेश राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रीड के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में 59,867 मामले लंबित हैं जबकि उच्च न्यायालय में 44, 76,625 मामले तथा जिला एवं निचली अदालतों में 3,14,53,555 मामले लंबित हैं। इस प्रकार से देश के न्यायालयों में करीब 3.59 करोड़ मामले लंबित हैं। राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रीड के आंकड़ों के अनुसार, देश की निचली एवं जिला अदालतों में 3.14 करोड़ मामले लंबित हैं जिसमें से करीब 14 प्रतिशत यानि 23,90,715 मामले 10 साल या इससे अधिक पुराने हैं। इसमें से उत्तर प्रदेश में 10 साल से अधिक पुराने 9,43,935 मामले लंबित हैं, जबकि बिहार में 377250 महाराष्ट्र में 250095, पश्चिम बंगाल में 286443, ओडिशा में 175409, गुजरात में 175439, राजस्थान में 48437 मामले 10 साल या उससे अधिक पुराने हैं और लंबित हैं।

## राज्यपालों का 50वां सम्मेलन संपन्न

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राज्यपालों का 50वां सम्मेलन रविवार को राष्ट्रपति भवन में जनजातीय कल्याण और जल, कृषि, उच्च शिक्षा एवं जीवन की सुगमता पर जोर दिए जाने के साथ संपन्न हुआ।

राज्यपालों के पांच समूहों ने इन मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट सौंपी और इन पर विचार किया तथा वैसे कार्रवाई योग्य बिन्दुओं की पहचान की जिन पर राज्यपाल एक सुगमकर्ता की भूमिका निभा सकते हैं। सम्मेलन में जनजातीय कल्याण के मुद्दे पर गहरी दिलचस्पी दिखाई गई और बताया गया कि जनजातीय कल्याण की नीतियों का निर्माण स्थानीय जरुरतों के अनुरूप किया जाना चाहिए।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपनी समापन टिपण्णियों में कहा कि राज्यपालों एवं लेफ्टिनेंट गवर्नरों द्वारा की गई चर्चा सार्थक साबित हुई। मंत्रालयों एवं नीति आयोग की भागीदारी ने इन चर्चाओं को केंद्रित और कार्रवाई योग्य बनाने में सहायता की। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सम्मेलन के विचार विमर्शों से कई उपयोगी समाधान निकलेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष 26 नवंबर को हमारे संविधान की 70वीं जयंती है। उस दिन नागरिकों के बीच मौलिक कर्तव्यों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए एक अभियान आरंभ किया जाएगा।

## देश में अंग दान का तीन साल में बढ़ा ग्राफ

**» दिल्ली सबसे आगे, उप्र और बिहार सबसे पीछे**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में अंगदान को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से पिछले तीन साल में देश में अंग दान के ग्राफ में बढ़ोतरी हुयी है लेकिन अभी भी 28 राज्यों और नौ केन्द्र शासित प्रदेशों में से 22 में ही अंग दान शुरु हो पाया है। अंगदान के लिहाज से बाकी राज्यों के मुकाबले जहां दिल्ली सबसे आगे रही है वहीं उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे पीछे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में अंग दान के मामले 2016 में 9046 से बढ़कर 2018 में 10,387 हो गये हैं। दिल्ली, इस मामले में अन्य सभी राज्यों से आगे है। मंत्रालय ने हाल ही में अंग दान से जुड़े आंकड़े एवं ब्योरे को संसद में पेश करते हुये बताया कि दिल्ली में 2018 में सर्वाधिक 2066 अंग दान किये गये। यह संख्या 2016 में 1947 और 2017 में 1989 थी। देश में मुख्यतरू गुर्दा, हृदय, फेंफड़े और कॉर्निया के अलावा स्टेम सेल प्रत्यारोपण की मांग सबसे ज्यादा होने के कारण इन अंगों का दान ही किया जाता है। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) राष्ट्रीय स्तर पर अंग दान को बढ़ावा देने, कानूनी प्रक्रिया के तहत अंगदान कराने और इस बारे में गैरकानूनी गतिविधियों पर निगरानी रखता है। यह संगठन अंग दान के संबंध में देशव्यापी जागरुकता अभियान भी चलाता है। मंत्रालय द्वारा नोटो के हवाले से पेश आंकड़ों के अनुसार अंग दान के मामले में दिल्ली के बाद तमिलनाडु और महाराष्ट्र दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। तमिलनाडु में 2018 में 1936 लोगों ने अंग दान किया था जबकि 2016 में यह संख्या 1611 और 2017 में बढ़कर




1855 हो गयी। वहीं महाराष्ट्र में पिछले तीन साल से लगभग एक हजार लोग प्रतिवर्ष अंग दान कर रहे हैं। मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि देशव्यापी जागरुकता अभियानों के बावजूद सभी 36 राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों में से 22 में ही अंग दान शुरु हो पाया है। इतना ही नहीं देश में मृत शरीर से अंग दान के बजाय जीवित लोगों द्वारा लगभग तीन गुना अधिक अंग दान किया जा रहा है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि 2016 में मृत शरीर से 2265 अंग दान किये गये जबकि जीवित लोगों द्वारा 6781 अंग दान हुये। यह अंतर 2017 में बढ़कर 2110 के मुकाबले 7489 हो गया वहीं 2018 में मृत शरीर से 2254 अंग दान की तुलना में 8133 लोगों ने जीवित रहते ही अंग दान किया।